# कार्यालय मुख्य अग्निशमन अधिकारी बाराबंकी

पत्रांकःसीएफओ / मेमो / अग्निसुरक्षा–2017

दिनांकःअगस्त 31 ,2017

सेवा में,

डायरेक्टर
ए.आर.जी. इन्फास्ट्रक्चरर्स प्रा0लि0,
ग्राम–सन्दौली सफेदाबाद, तहसील–नवाबगंज,
जनपद–बाराबंकी।

सन्दर्भः–पत्रांकःशून्य दिनांकः24.08.2017।

कृपया अपने कार्यालय के पत्र संख्या शून्य दिनांकः24.08.2017 का सन्दर्भ ग्रहण करें जिसमें परियोजना अल्प आयवर्ग (एल0आई0जी0) हाउसिंग का मानचित्र ग्राम संदौली सफेदाबाद तहसील नवाबगंज जिला बाराबंकी में प्रस्तावित हैं। मानचित्र में ब्लाक का ग्राउंड कवर एरिया 388 वर्ग मीटर है तथा ब्लाक ऊचाई 14.95 मीटर है। उपरोक्त परियोजना का अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

उक्त संदर्भ में अवगत कराना है कि संयुक्त निदेशक(टी / एम ) नि0 पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 फायर सर्विस लखनऊ के पत्र संख्याःएफएस / 1076–2012 दिनांकःमई 13,2016 द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने की प्रकिया के निर्धारण में निम्न कार्यो के लिए अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना नियमानुसार आवश्यक है।

1. 15 मीटर या इससे ऊॅचे बहुमंजिले भवन के निर्माण एवं अग्निशमन व्यवस्थायें सुनिश्चित करने हेतु।
2. **सन्दर्भित प्रकरण नेशनल विल्डिंग कोड ऑफ इण्डिया 2016 के पार्ट 4 फायर एण्ड लाइफ सेफटी के क्लाज 1.2(a,b 1) से भी अच्छादित नहीं है।**
3. भवन निर्माण एवं विकास उपविधि 2008 के क्लाज 3.11.3.2 नए भवन के पैरा (ii) चार **मंजिल से अधिक अथवा 15 मीटर एवं अधिक ऊॅचे भवनों और विशिष्ट भवन यथा–शैक्षिक, असेम्बली, संस्थागत , औद्योगिक, संग्रहण एवं संकटमय उपयोग वाले भवनों तथा उपर्युक्त उपयोगों के मिश्रित अधिवासों वाले भवनों जिनका भू–आच्छादन 500 वर्ग मीटर से अधिक हो,** की अनुज्ञा के लिए मुख्य अग्निशमन अधिकारी से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

उक्त प्रकरण मे भू अच्छादन तथा ऊॅचाई दोनो कम है अतैव अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य नही है।

31.8.17

(आर0के0 त्रिपाठी)
मुख्य अग्निशमन अधिकारी,
बाराबंकी।

Scanned with CamScanner

# लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ

| प्रेषकः | सेवा में, |
|---|---|
| नगर नियोजक,<br>लखनऊ विकास प्राधिकरण<br>नवीन भवन, विपिन खण्ड<br>गोमती नगर, लखनऊ।<br>संख्या– 176/वि0प्रा0/सी0टी0पी0/2017–18<br>दिनांक: 04/08/2017 | ए आर जी इन्फ्रास्टक्चर प्रा0 लि0<br>मेलरोज स्क्वायर, 6सी/जीएच–01,<br>वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड,<br>तेलीबाग,<br>लखनऊ–201305 |

विषयः

जन सूचना अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत चाही गयी सूचना के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अपने आवेदन पत्र दिनांक: 14.12.2016 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से आप द्वारा ग्राम संदौली उमरपुर तहसील नवावगंज जिला बाराबंकी के सम्बन्ध में सूचाना चाही गयी है। तद्क्रम में सूचित करना है कि प्राप्त आख्या के अनुसार ग्राम–संदौली उमरपुर तहसील–नवावगंज जिला–बाराबंकी, लखनऊ विकास क्षेत्र की सूची में अंकित नहीं है।

भवदीय,

(टी0पी0 सिंह)
नगर नियोजक

प्रतिलिपि– स0ज0सू0अधि0, ल0वि0प्रा0 को उनके पत्र संख्या–ई–830, दिनांक: 30.12.16 के क्रम में सूचनार्थ।

(टी0पी0 सिंह)
नगर नियोजक

Docate-D.N.Yadav- 500 -

Scanned with CamScanner